## प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 31.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

- **सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड समेत सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को स्कूलों में मुफ्त सैनेटरी पैड देने के दिये निर्देश, मासिक चक्र में स्वास्थ्य सुविधा को घोषित किया मौलिक अधिकार।**
- **संसद में कल पेश होने वाले केन्द्रीय बजट से झारखंड को है खास उम्मीद, राज्य वित्त आयोग के सदस्य ने कहा–राज्य को मिलना चाहिए विशेष आर्थिक सहयोग।**
- **राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी, दूसरे दिन 36 ने भरा पर्चा, 18 महिलाएं भी शामिल।**
- **उत्तर की सर्द हवा के कारण राज्य में तीन डिग्री गिरा तापमान, मौसम विभाग ने आज से चार दिन आसमान में बादल छाये रहने का जताया अनुमान।**
- **रांची में 69वीं राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचा झारखंड, आज होंगे सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले।**

********************

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मासिक धर्म स्वास्थ्य संविधान के तहत मौलिक अधिकार है। न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मासिक चक्र जीने के अधिकार और निजता के अधिकार का आंतरिक अंग है। सुप्रीम कोर्ट ने लडकियों और महिलाओं की प्रतिष्ठा, स्वास्थ्य और समानता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और विद्यालयों को कई निर्देश दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को सभी स्कूलों में लडकियों के लिए निशुल्क बायोडिग्रेडेबल सैनेटरी नेपकिन निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

********************

राज्य वित्त आयोग के सदस्य अर्थशास्त्री हरिश्वर दयाल ने कहा है कि कल संसद में पेश होने वाले केन्द्रीय बजट झारखंड के लिए निर्णायक है क्योंकि यह 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर आधारित होगा। उन्होंने राज्य के घटती अनुदान पर चिंता जताई। श्री दयाल ने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति और विकास के लिए झारखंड को विशेष वित्तीय सहयोग मिलना चाहिए।

********************

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। देवघर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि झारखंड की वित्तीय स्थिति बेहद खराब है। श्री दुबे ने कहा कि फंड की कमी से मंईयां सम्मान और अबुआ आवास जैसी योजनाएं बंद हो सकती हैं।

********************

राज्य के नगर निगम चुनाव के दूसरे दिन राज्य भर में 36 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। इनमें से 18 महिलाएं हैं, जो महिला भागीदारी की मजबूती दर्शाती हैं। कड़ी सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था के बीच विभिन्न जिला मुख्यालयों में नामांकन प्रक्रिया जारी है। रांची नगर निगम चुनाव के दूसरे दिन महापौर पद के लिए 5 नए पर्चे बिके लेकिन नामांकन अभी शून्य है। वार्ड पार्षदों के लिए 111 पर्चे बिके। बुण्डू में भी अध्यक्ष पद के लिए 4 पर्चे बिके। धनबाद में दूसरे दिन महापौर पद के लिए 7 और चिरकुंडा अध्यक्ष पद के लिए 4 पर्चे बिके। महापौर पद के लिए 2 प्रत्याशियों ने नामांकन भी दाखिल किये।

********************

सरायकेला–खरसांवा जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर एसडीपीओ समीर कुमार सवैया, प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी और अन्य अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने बूथों का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

********************

धनबाद में यूजीसी बिल के खिलाफ सवर्ण समाज ने एक बैठक की और इसे काला कानून करार दिया। बैठक में विशाल जनसभा और चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार की गयी। वहीं, भाजपा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने इसे गैर–जरूरी मुद्दा बताते हुए कहा कि गलतियां सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुधारी जा सकती हैं।

********************

समाजसेवी और 2024 चुनाव में चक्रधरपुर से निर्दलीय प्रत्याशी रहे डॉ. विजय सिंह गागराई कल विधिवत भाजपा में शामिल हो गए। राँची प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने उन्हें सदस्यता दिलाई। उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी कमल थामा। इस मौके पर श्री गागराई ने कहा कि वे भाजपा के सिद्धांतों से काफी प्रभावित हैं।

********************

पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में केंद्र सरकार की आशा योजना के तहत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू हुआ। जिला न्यायाधीश मो. शाकिर ने जागरूकता रथ को रवाना किया, जो गांवों में जाकर लोगों को बाल विवाह कानूनों के प्रति जागरूक करेगा। उन्होंने जोर दिया कि सामाजिक बदलाव के लिए जन जागरूकता अनिवार्य है।

********************

सरायकेला–खरसावां के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह की अदालत ने मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को 10–10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

********************

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में उपायुक्त कंचन सिंह ने सिमडेगा में सड़क सुरक्षा शपथ समारोह का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों और नागरिकों से हेलमेट, सीट बेल्ट पहनने, गति सीमा का पालन करने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने का आग्रह करके जागरूकता बढ़ाना और दुर्घटनाओं को कम करना था।

********************

उत्तरी हवाओं के कारण राज्य के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, रांची ने आज से अगले चार दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है, जिससे आर्द्रता बढ़ सकती है लेकिन राज्य भर में ठंड बनी रहेगी।

********************

रांची में आयोजित 69वें राष्ट्रीय स्कूल हॉकी अंडर–17 टूर्नामेंट के पांचवे दिन झारखंड की लड़कियों की टीम ने छत्तीसगढ़ को 11–0 से हराया, जबकि लड़कों की टीम ने मध्य प्रदेश को 5–2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल और फाइनल मैच आज मोराबादी के जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम और हटिया के रेलवे हॉकी ग्राउंड में खेले जाएंगे।

********************

**प्रमुख अखबारों की सुर्खिया–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मासिक चक्र पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है**–अन्याय की एफएसएल...जांच रिपोर्ट के लिए चार साल तक का इंतजार।

**हिन्दुस्तान ने लिखा है**—बाबा ग्रुप के ठिकानों पर आयकर छापेमारी में मिले एक करोड़ 25 लाख कैश।

**प्रभात खबर के शब्द हैं**—जेएसएमडीसी की 58 खदानें बंद, 10 हजार लोगों की रोजी—रोटी पर संकट।

**दैनिक जागरण लिखता है**—बालू का अवैध परिवहन रोकने पर सेन्हा सीओ पर जानलेवा हमला।